# झाँसी विकास प्राधिकरण, झाँसी

पत्रांक : 1734 /झाँ0वि0प्रा0/2023–24 दिनांक 02/11/ 2023

## –: नीलामी सूचना :–

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झाँसी विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत शिव परिवार आवासीय कॉलोनी, पंचवटी उन्नाव गेट बाहर, झाँसी में अवशेष विकास कार्यों को पूर्ण न कराये जाने के सम्बन्ध में निम्नलिखित कोलोनाईजर द्वारा प्राधिकरण के पक्ष में भूखण्ड संख्या A-3, A-4, A-5, A-6, A-7, A-11, A-12, A-13, A-14, A-15, A-16, A-17, A-18, A-19, A-20, C-6, C-25 एवं C-30 बंधक किये गये है। कॉलोनी में अवशेष विद्युत कार्यों को पूर्ण कराये जाने के उद्देश्य से दिनांक 09.11.2023 को प्रातः 11:00 बजे स्थान शिव परिवार आवासीय कॉलोनी स्थित पार्क में सार्वजनिक नीलामी करायी जायेगी।

नीलामी की शर्तें :–

1. सम्पत्तियां जहां है, जैसे है की स्थिति में नीलाम की जाएगी। आवेदक द्वारा आवेदन करने से पूर्व विज्ञापित सम्पत्तियों के विषय में पूर्ण जानकारी प्राधिकरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। नीलामी के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
2. भूखण्ड के मूल्य के अतिरिक्त भूखण्ड़ संख्या में कार्नर भूखण्ड पर 10 प्रतिशत कार्नर शुल्क अतिरिक्त होगा।
3. सम्पत्तियों के मूल्य के अतिरिक्त, सम्पत्ति में भूमि मूल्य का 10 प्रतिशत लीजरेन्ट एवं 02 प्रतिशत फ्रीहोल्ड शुल्क देय होगा।
4. सम्पत्ति को कब्जा वास्तविक माप के अनुसार आवंटी को लेना अनिवार्य होगा। यदि क्षेत्रफल का आकार पूर्व सूचित/विज्ञापित क्षेत्रफल या आकार से भिन्न होगा तो संशोधित क्षेत्रफल के अनुसार आवंटी को धनराशि भुगतान करना होगा।
5. किसी भी नीलामी में कम से कम दो आवेदक होंगे विशेष परिस्थितियों में उपाध्यक्ष, झाँसी विकास प्राधिकरण का निर्णय अन्तिम होगा।
6. नीलामी पत्र निर्गत होने की तिथि से सम्पत्ति मूल्य की 1/4 धनराशि 03 दिवस में तथा शेष धनराशि 15 दिन में जमा करनी अनिवार्य होगी। नीलामी की तिथि से 02 माह के भीतर सम्पत्ति की सम्पूर्ण धनराशि नीलामी प्राप्तकर्ता को अनिवार्यतः जमा करनी होगी। समय से धनराशि जमा न किये जाने पर नीलामी/आवंटन स्वतः निरस्त हो जायेगा, तथा सम्पूर्ण पंजीकरण धनराशि जब्त करते हुए उक्त के अतिरिक्त जमा शेष धनराशि में 10 प्रतिशत की कटौती की जायेगी।

क्रमशः..............................2

Scanned with CamScanner

7. नीलामी एवं सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी विवाद की स्थिति में उपाध्यक्ष, झाँसी विकास प्राधिकरण, झाँसी का निर्णय अन्तिम होगा।
8. उक्त नीलामी प्रक्रिया को स्थगित करने अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार उपाध्यक्ष, झाँसी विकास प्राधिकरण के पास सुरक्षित रहेगा।
9. नीलामीकर्ता को उक्त आवासीय भूखण्ड हेतु पंजीकरण धनराशि रू. 2.50 लाख एवं व्यवसायिक भूखण्ड हेतु पंजीकरण की धनराशि रू. 7.50 लाख प्राधिकरण कोष में सचिव, झाँसी विकास प्राधिकरण खाता संख्या–501500543518315 IFSC-HDFC0000453 सिविल लाईन झाँसी में दिनांक 08.11.2023 तक जमा कराना आवश्यक है, जिसका समायोजन अंतिम भुगतान राशि में किया जायेगा।
10. पंजीकरण धनराशि के अभाव में नीलामी में प्रतिभाग नहीं किया जा सकेगा।

(उपमा पाण्डेय)
सचिव,
झाँसी विकास प्राधिकरण, झाँसी

पत्रांक :           /झाँ0वि0प्रा0/2023–24                दिनांक          2023

प्रतिलिपि–

1. उपाध्यक्ष, झाँसी विकास प्राधिकरण को सादर अवलोकनार्थ।
2. नगर नियोजक, झाँसी विकास प्राधिकरण को अनुपालनार्थ।
3. लेखाधिकारी (नामित) झाँ0वि0प्रा0, झाँसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता (सिविल) झाँ0वि0प्रा0, झाँसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रभारी निरीक्षक, थाना सीपरी बाजार, झाँसी को नीलामी स्थल पर शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु।
6. अधिकृत प्रतिनिधि शिवपरिवार कॉलोनी झाँसी।
7. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

सचिव,
झाँसी विकास प्राधिकरण,झाँसी

Scanned with CamScanner

## शिवपरिवार आवासीय योजना में बंधक भूखण्डों का विवरण :–

| क्र.सं. | भूखण्ड सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मी0) | साईज | भूखण्ड का प्रकार आवासीय / व्यवसायिक | दर प्रति वर्ग मी0 | भूखण्ड का मूल्य (रु०) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Block A-3 | 167.17 | 9.14 x 18.28 | आवासीय | रू. 20,000.00 | 33,43,400.00 |
| 2 | Block A-4 | 167.17 | 9.14 x 18.28 | आवासीय | रू. 20,000.00 | 33,43,400.00 |
| 3 | Block A-5 | 167.17 | 9.14 x 18.28 | आवासीय | रू. 20,000.00 | 33,43,400.00 |
| 4 | Block A-6 | 167.17 | 9.14 x 18.28 | आवासीय | रू. 20,000.00 | 33,43,400.00 |
| 5 | Block A-7 | 167.17 | 9.14 x 18.28 | आवासीय | रू. 20,000.00 | 33,43,400.00 |
| 6 | Block A-11 | 222.95 | 12.19 x 18.29 | आवासीय | रू. 15,000.00 | 33,44,250.00 |
| 7 | Block A-12 | 167.17 | 9.14 x 18.29 | आवासीय | रू. 15,000.00 | 25,07,550.00 |
| 8 | Block A-13 | 167.17 | 9.14 x 18.29 | आवासीय | रू. 15,000.00 | 25,07,550.00 |
| 9 | Block A-14 | 167.17 | 9.14 x 18.29 | आवासीय | रू. 15,000.00 | 25,07,550.00 |
| 10 | Block A-15 | 167.17 | 9.14 x 18.29 | आवासीय | रू. 15,000.00 | 25,07,550.00 |
| 11 | Block A-16 | 167.17 | 9.14 x 18.29 | आवासीय | रू. 15,000.00 | 25,07,550.00 |
| 12 | Block A-17 | 167.17 | 9.14 x 18.29 | आवासीय | रू. 15,000.00 | 25,07,550.00 |
| 13 | Block A-18 | 167.17 | 9.14 x 18.29 | आवासीय | रू. 15,000.00 | 25,07,550.00 |
| 14 | Block A-19 | 167.17 | 9.14 x 18.29 | आवासीय | रू. 15,000.00 | 25,07,550.00 |
| 15 | Block A-20 | 167.17 | 9.14 x 18.29 | आवासीय | रू. 15,000.00 | 25,07,550.00 |
| 16 | Block C-25 | 249.43 | 9.14 x 27.29 | आवासीय | रू. 15,000.00 | 37,41,450.00 |
| 17 | Block C-30 | 249.43 | 9.14 x 27.29 | आवासीय | रू. 15,000.00 | 37,41,450.00 |
| 18 | C-6 | 167.17 | 9.14 x 18.29 | व्यवसायिक | रू. 45,000.00 | 75,22,650.00 |

01.1.2023

सम्पत्ति अधिकारी,
झाँसी विकास प्राधिकरण, झाँसी।

सचिव,
झाँसी विकास प्राधिकरण, झाँसी।

Scanned with CamScanner